18	Internal Development for plot no- 12A to 12L and 16A to 18 in sector 24. YEA WC-04	रु० 1404.05 लाख
19	C/o Main Carriageway (both side) of 100mtr wide road between Sce-21- and 34,35 yea (including 5 year Maintenance) WC-02	रु० 2023.49 लाख

जिन्हें दिनांक 06.08.2025 से 19.08.2025 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालीफिकेशन दिनांक 21.08.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

1. निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश इलैक्ट्रानिक्स कारपोरेशन, की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर देखे जा सकते हैं। इच्छुक ठेकेदारों से अनुरोध है कि वे नियमित रुप से उक्त वेबसाइटों को देखते रहें क्योकि निविदाओं के सम्बन्ध में कोई बदलाव अथवा अतिरिक्त सूचना बेबसाइट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।

महाप्रबन्धक (परियोजना)

सालाना 2,400 डॉलर का बोझ बढ़ेगा अमेरिकी उपभोक्ताओं पर
अमेरिका पर ज्यादा असर पड़ेगा

ट्रंप का टैरिफ

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं पर अमेरिका द्वारा 25 प्रतिशत का आयात शुल्क उसकी अपनी अर्थव्यवस्था के लिए घातक होगा।

शुक्रवार को एसबीआई रिसर्च द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि आयात शुल्क लगाने से स्वयं अमेरिका की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 40-50 आधार अंकों की गिरावट आ सकती है। इतना ही नहीं, आने वाले समय में अमेरिका के इस कदम से डॉलर कमजोर पड़ सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अमेरिका की खराब व्यापार नीति है। इससे अमेरिका में घरेलू महंगाई और उपभोक्ता कीमतों पर ही नकारात्मक असर पड़ेगा। जबकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में खुद को समायोजित कर भारत को कुछ राहत मिल सकती है।ऐसे में आयात शुल्क लगाने से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भारत से ज्यादा झटका लग सकता है क्योंकि हालिया फैसले से अमेरिका की जीडीपी में गिरावट, घरेलू स्तर पर महंगाई में उछाल और डॉलर कमजोर पड़ सकता है। अनुमान है कि आयात शुल्क के कारण अमेरिकी उपभोक्ताओं पर सालाना औसतन 2,400 डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है।

भारत की अमेरिका पर निर्भरता कम हुई

हाल के वर्षों में कुछ अन्य देशों में भी भारत ने निर्यात को बढ़ाया है। हालांकि वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत का सबसे बड़ा निर्यात साझेदार रहा है, लेकिन शीर्ष 10 साझेदार देशों का कुल निर्यात में हिस्सा 53 प्रतिशत ही है। इससे भारत को अमेरिका पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। भारत से अमेरिका को भेजे जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न एवं आभूषण, दवाएं और मशीनरी शामिल हैं।

"भारत के निर्यात पर कितना असर पड़ेगा, यह काफी हद तक अमेरिका जुर्माना निर्धारित किए जाने के बाद स्पष्ट होगा। वह भारत पर कुटनीति दबाव बनाना चाहता है, जिससे कि उसकी शर्तों पर भारत समझौता करने को तैयार हो जाए। - **डॉ. अजय सहाय,** महानिदेशक एवं सीईओ, फियो

अमेरिका में हो सकती है जेनेरिक सस्ती दवाओं की किल्लत

भारत से जेनेरिक सस्ती दवाओं के निर्यात बाजार में अमेरिका की लगभग 47 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अब अमेरिका इनका उत्पादन करता है या फिर दूसरे देशों से आपूर्ति करता है तो इसमें तीन से पांच वर्षों का समय लगेगा। ऐसे में अमेरिकियों को दवाओं की किल्लत और बढ़ी कीमतों का सामना करना पड़ सकता है।

कुछ क्षेत्रों पर दिखेगा अधिक असर

डॉयचे बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत एवं दक्षिण एशिया) कौशिक दास ने कहा कि बिजली मशीनरी कलपुर्जे, रत्न, दवाएं, वस्त्र और रसायन जैसे क्षेत्र शुल्क से सर्वाधिक प्रभावित होंगे। भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 43 अरब डॉलर हो गया है जो वित्त वर्ष 2012-13 में 11 अरब डॉलर था। चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान भारत का अमेरिका के साथ व्यापार 35.4 प्रतिशत बढ़कर 12.7 अरब डॉलर हो गया। इससे निर्यातकों को शुल्क समायोजित करने के लिए कुछ महीनों की मोहलत मिल जाएगी।

अधिकांश उत्पादों पर पहले से अमेरिका में शुल्क छूट

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क का भारत पर खास असर नहीं पड़ेगा क्योंकि अधिकांश भारतीय वस्तुएं पहले से ही अमेरिकी शुल्क छूट की श्रेणी में आती हैं। सरकार से जुड़े सूत्रों ने शुक्रवार को यह अनुमान जताया।

इसके साथ ही भारत ने यह साफ कर दिया है कि वह किसी भी व्यापार समझौते में कृषि, डेयरी और जीएम खाद्य उत्पादों पर कोई शुल्क रियायत नहीं देगा। सूत्रों के मुताबिक, भारत के कुल निर्यात का बड़ा हिस्सा पहले ही अमेरिकी सरकार की तरफ से सेक्शन 232 के तहत दी जाने वाली छूट के दायरे में आता है। ऐसे में उन उत्पादों पर बढ़ा हुआ शुल्क लागू नहीं होगा।

■ किसी भी व्यापार करार में कृषि, डेयरी और जीएम उत्पादों पर कोई शुल्क रियायत नहीं देगा भारत

सूत्रों ने कहा, भारत से अमेरिका को होने वाले आधे से अधिक निर्यात इस शुल्क वृद्धि से अप्रभावित रहेंगे। नई शुल्क नीति से लगभग 40 अरब डॉलर के निर्यात पर ही असर पड़ने की आशंका है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब डॉलर रहा था।

प्ले स्टोर पर रियल मनी गेम की अनुमति मांगी

नई दिल्ली। भारत में रियल मनी गेम्स को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद में एक बड़ा मोड़ आया है। गूगल ने गूगल प्ले स्टोर पर सभी वैध रियल मनी गेम्स को अनुमति देने का प्रस्ताव रखा है।

बाजार 30s

सोना 400 रुपये टूटा, चांदी फिसली

नई दिल्ली। स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 400 रुपये टूटकर 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नरमी के चलते सोने में गिरावट रही। वहीं, चांदी की कीमतों में भी लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और शुक्रवार को यह 2,500 रुपये गिरकर 1,09,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही।

आज पीयूष गोयल मुंबई में निर्यातकों से मिलेंगे

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल दो से चार अगस्त तक मुंबई में खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, इंजीनियरिंग और रसायन सहित विभिन्न क्षेत्रों के निर्यातकों के साथ बैठक करेंगे और अमेरिका द्वारा घोषित 25 प्रतिशत शुल्क के प्रभावों पर चर्चा करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि मत्स्य पालन, इंजीनियरिंग, आईटी और औषधि जैसे क्षेत्रों के निर्यातक भी इस विचार-विमर्श में भाग लेंगे।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 25 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 2.703 अरब डॉलर बढ़कर 698.192 अरब डॉलर हो गया। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.183 अरब डॉलर घटकर 695.489 अरब डॉलर रहा था।

चिंता: फिलहाल जोखिम भरा होगा
अमेरिका के खिलाफ जवाबी शुल्क

■ **रोशन किशोर**

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस बात से नाराज हैं कि अमेरिका ने पिछले कुछ वर्षों में भारत के साथ बहुत कम व्यापार किया है। उनका मानना है कि उच्च टैरिफ और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं के कारण ऐसा हुआ है।

ट्रंप ने भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 25% टैरिफ लगाने का यही मुख्य कारण बताया है। यह टैरिफ निश्चित रूप से नुकसानदेह होगा, क्योंकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। हालांकि अमेरिका के खिलाफ जवाबी शुल्क लगाना भी फिलहाल जोखिम भरा है।

निर्यात में वृद्धि का बड़ा कारण

चीन+1: भारत की ओर से अमेरिका को निर्यात 2019-20 में 53 अरब डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 87 अरब डॉलर हो गया।इस वृद्धि का 90% से ज्यादा हिस्सा अमेरिका को विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात में है। लगभग 40% वृद्धि सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक्स में और 32% दूरसंचार उपकरणों में हुई है।इसका एक बड़ा हिस्सा भारत में बने आईफोन होने की संभावना है। निर्यात में भारत की हालिया प्रगति किसी संरक्षणवादी रणनीति का नतीजा नहीं है, जैसा कि ट्रंप आरोप लगा रहे हैं। बल्कि यह चीन+1 रणनीति है, जिससे अमेरिका को होने वाले चीनी निर्यात कुछ हद तक भारत की ओर स्थानांतरित हो रहे हैं।

Hindustan Times

इस समय जवाबी कार्रवाई से लाभ नहीं दिखाई देगा

जवाबी शुल्क लगाना दो कारणों से जोखिम भरा है। अमेरिका को भारत के कुछ सबसे महत्वपूर्ण निर्यात (जैसे दवाइयां और दूरसंचार उपकरण) अभी भी शुल्क से मुक्त हैं और अमेरिका के खिलाफ कोई भी जवाबी कार्रवाई उन्हें खतरे में डाल सकती है। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि ट्रंप इन छूटों को रद्द नहीं करेंगे। इसके अतिरिक्त, भारत को अमेरिका से गैर-व्यापारिक व्यापार मार्गों, जैसे कि प्रवासी आय और सेवा व्यापार से भी काफी लाभ होता है।

शुल्क की चिंता में बाजार दूसरे दिन भी फिसले

मुंबई, एजेंसी। अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताओं और वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 586 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में भी 203 अंकों की गिरावट दर्ज की गई।

विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी सरकार के 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ऐलान के बाद वैश्विक व्यापार में गतिरोध की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी धारणा को कमजोर किया।

आयात शुल्क दायरे से अभी बाहर है ईंधन का निर्यात

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले डीजल और विमान ईंधन जैसे पेट्रोलियम उत्पादों को आयात शुल्क से छूट दी गई है। ट्रंप ने अभी यह संकेत नहीं दिया है कि रूस के साथ भारत के ऊर्जा व्यापार को रोकने के लिए वह कौन सा जुर्माना लगाने की योजना बना रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को जिस सरकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, वह केवल अमेरिका आने वाले भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत शुल्क लागू करताहै। इसमें ऐसे उत्पादों की भी सूची है, जिस पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इनमें तैयार दवा उत्पाद, औषधि निर्माण में उपयोग होने वाला कच्चा माल, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीटी (सेमीकंडक्टर, स्मार्टफोन) और पेट्रोलियम उत्पाद (कच्चा तेल, एलएनजी, परिष्कृत ईंधन, बिजली और कोयला) शामिल हैं।

कारखाना क्षेत्र की वृद्धि दर 16 माह की ऊंचाई पर

मुंबई, एजेंसी। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जुलाई में मजबूत होकर 16 महीने के उच्च स्तर 59.1 पर पहुंच गई। अनुकूल मांग परिस्थितियों के बीच नए ऑर्डर और उत्पादन में तेजी से इसे समर्थन मिला। शुक्रवार को मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जून के 58.4 से बढ़कर जुलाई में 59.1 हो गया। यह मार्च 2024 के बाद से इस क्षेत्र में सबसे मजबूत सुधार का संकेत है।

जुलाई में सकल जीएसटी संग्रह 7.5 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। सकल जीएसटी संग्रह जुलाई में 7.5 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से घरेलू राजस्व में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। पिछले साल जुलाई में जीएसटी संग्रह 1.82 लाख करोड़ रुपये था। जून में यह 1.84 लाख करोड़ रुपये था। सकल घरेलू राजस्व 6.7 प्रतिशत बढ़कर 1.43 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से कर प्राप्ति 9.5 प्रतिशत बढ़कर 52,712 करोड़ रुपये रही। जीएसटी रिफंड सालाना आधार पर 66.8 प्रतिशत बढ़कर 27,147 करोड़ रुपये हो गया।

OFFICE MUNICIPAL COUNCIL CHOMU (JAIPUR)
Tel-01423-220036 e-mail:chomu.jaipur@yahoo.com
Sr. No. : NPC/2025/1400 Date : 30.07.2025

Notice Inviting Bid

Bids for **"Sweeper Supply For Cleaning Work in Nagar Parishad Area Chomu"** are invited interested bidders upto 12.00 PM on 31.07.2025 Dated. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.
NIB CODE : DLB2526A4114 & UBN NO. : DLB2526SLOB13092
Raj.Samwad/C/25/7379 COMMISSIONER

आम सूचना

हम आम जनता को सूचित करना चाहेंगे कि आईपी का मूल विलेख दिनांक 09.02.2017 जो की खसरा संख्या 16 मध्ये, ग्राम चकफेरी, तहसील बिलासपुर, जिला रामपुर पर स्थित है। पूरब में लिंक रोड, पश्चिम में नाला, उत्तर में आराजी काश्त शमशेर सिंह आदि, दक्षिण में आराजी काश्त विक्रेतागण। बही नंबर 1, जिल्द 2498, पृष्ठ संख्या 207-244 दस्तावेज नंबर 571 पर सब रजिस्ट्रार बिलासपुर पर पंजीकृत। श्री रामप्यारे भगत पुत्र श्री मुनेश्वर भगत के पक्ष में जो कि कहीं खो गए हैं और अप्राप्य हैं। इसके अलावा, पंजाब नेशनल बैंक, शाखा कार्यालय एम् सी सी हल्द्वानी, उपरोक्त संपत्ति को गिरवी रखने का इरादा रखता है। यदि कोई व्यक्ति इसे पाता है, या संपत्ति में किसी हित या स्वामित्व का दावा करता है, तो इस प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर पंजाब नेशनल बैंक, शाखा कार्यालय एम् सी सी हल्द्वानी से संपर्क करने का अनुरोध किया जाता है।

श्री नितिन कुमार एवं श्री जीतिन अरोड़ा पुत्रगण श्री करमचंद
ग्राम नबाबगंज, तहसील बिलासपुर, जिला रामपुर

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए **(एकल पैकेट प्रणाली)** के अन्तर्गत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

1	ई-निविदा एनआईटी सं.	17-विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./139-सी
2	कार्य का नाम व स्थान	मुरादाबाद मण्डल के रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में रोजा में क्रास ओवर शिफ्टिंग, लखनऊ-मुरादाबाद खण्ड में पीताम्बरपुर के कि.मी. 1288 /17-19 पर गेट सं.-352 सी के बदले आरओबी, सीतापुर के कि.मी. 78/130.201 पर गेट सं.-51 स्पेशल के बदले आरओबी, रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में डाउन मैन लाईन के कि.मी. 14/305.923 पर ब्रिज सं. 13 एवं सेक्शनिगं पोस्ट सीतापुर सिटी के विद्युतीकरण हेतु 25 हजार वोल्ट सिंगल फेज ओ.एच.ई. की डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य।
3	कार्य पूरा करने की अवधि	12 (बारह) माह
4	कार्य की अनुमानित लागत	रुपए 1,87,73,215.60
5	बयाना राशि जो जमा की जानी है (निविदा दस्तावेज के खण्ड 3.0 के अनुसार)	रुपए 2,43,900/-
6	ई-निविदा जमा करने एवं ई-निविदा खुलने की तिथि व समय	निविदा दिनांक 22.08.2025 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 22.08.2025 समय 11:30 बजे खोली जाएगी।
7	निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी	विस्तृत ई-निविदा एवं निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 08.08.2025 से दिनांक 22.08.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई-निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपना ई-पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हें क्लास III डिजिटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नहीं है), जो आई टी नियम-2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये हैं। केवल ई-निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी तथा किसी अन्य रूप में प्रस्तुत निविदाएं तुरन्त अस्वीकार कर दी जाएंगी।

प्रपत्र सं: 17-विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./139-सी दिनांक: 01.08.2025 2347/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

Nava Nalanda Mahavihara
(Deemed University)
Ministry of Culture, Government of India
Nalanda-803111, Bihar, INDIA
Ministry of Culture Government of India

Advertisement for the Guest Faculty
Advt. Notice No. NNM/Guest Faculty/2025/02

Applications are invited from eligible Indian nationals for engagement as **Guest Faculty** for the academic session 2025-26 in various desciplines. For detailed qualifications, terms, conditions and application proforma, please visit: www.nnm.ac.in

Last Date for Submission: 18.08.2025 by 6:00 P.M.

Registrar
Nava Nalanda Mahavihara, Nalanda

कार्यालय : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद

पत्रांक : एस0एस0ए0/प्रशिक्षण/8213-19/2025-26 दिनांक :01/8/2025

प्रेस विज्ञप्ति

राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय के पत्रांक : गुण0वि0/ए0आर0पी0/9333/2024-25 दिनांक 15.01.2025, शासनादेश संख्या-68-5099/143/ 2024 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 दिनांक 10 अक्टूबर 2024 एवं शासनादेश संख्या-902/68-5-2019 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 दिनांक 22 अक्टूबर 2019 के अनुक्रम में समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड एवं नगर क्षेत्र में ए0आर0पी0 चयन हेतु बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक/उ0प्रा0/कम्पोजिट विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक / शिक्षिकाओं से ए0आर0पी0 पद हेतु आवेदन इस कार्यालय के पत्र सं0- एस0एस0ए0/प्रशिक्षण/2059-66/2025-26 दिनांक 25-06-2025 के माध्यम से दिनांक 10-07-2025 की सांय 5:00 बजे तक आमंत्रित किये गये थे। उक्त प्रेस विज्ञप्ति में दिये गये प्राविधानों के अनुसार आवेदन जमा करने की तिथि 14-08-2025 की सांय 5:00 बजे तक बढ़ाई जाती है।

(अखिलेश कुमार) प्रा0 जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) मुरादाबाद

(विमलेश कुमार) जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद

जुबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड
JUBILANT AGRI & CONSUMER PRODUCT
(सीआईएन: L52100UP2008PLC035862)
पंजीकृत कार्यालय: भारतीग्राम, गजरौला, जिला अमरोहा - 244 223, उत्तर प्रदेश, भारत, फोन: +91-5924-267437
कॉर्पोरेट कार्यालय: चाइम्स 142, तीसरी मंज़िल, सेक्टर 44, जिला गुड़गांव -122003, हरियाणा, भारत
फोन: +91-124-2577229 ईमेल: investorsjacpl@jubl.com; वेबसाइट: www.jacpl.co.in

जुबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की 17वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में जानकारी

कंपनी अधिनियम, 2013 (**'अधिनियम'**) और उसके तहत निर्मित नियमों और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी 19 सितंबर 2024 के सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 (**'एमसीए परिपत्र'**) के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों और सेबी द्वारा जारी परिपत्र संख्या **SEBI/HO/CFD/CFDPoD-2/P/CIR/2024/133** दिनांक 3 **अक्टूबर**, 2024 (**'सेबी परिपत्र'**) और जारी किए गए अन्य लागू परिपत्रों और अधिसूचनाओं (किसी भी वैधानिक संशोधन या यथासमय लागू और संशोधित उसके पुनः अधिनियमन सहित) के अनुपालन में **जुबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड** के सदस्यों की 17**वीं** वार्षिक आम बैठक (**'एजीएम'**) **मंगलवार, 26 अगस्त, 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे** (**भा.मा.स.**) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (**'वीसी'**)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (**'ओएवीएम'**) के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय को पूरा करने के लिए आयोजित की जाएगी। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य के लिए गिना जाएगा।

एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुसार, एजीएम की सूचना, वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ई-मेल पते कंपनी या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स या अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (**'आरटीए'**) के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट **www.jacpl.co.in** पर और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों, यानी बीएसई लिमिटेड (**www.bseindia.com**) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (**www.nseindia.com**) पर भी उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन **36(1)(b)** के अनुसार, जिन सदस्यों के ई-मेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें एक पत्र भेजा जाएगा, जिसमें उस वेब-लिंक का उल्लेख होगा जहां कंपनी की वेबसाइट पर वार्षिक रिपोर्ट अपलोड की गई है। उपरोक्त परिपत्रों के अनुसार, वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियाँ भेजने की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। कंपनी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति उन सदस्यों को भेजेगी, जो अपना फोलियो नंबर/डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी का उल्लेख करते हुए **investorsjacpl@jubl.com** पर इसके लिए अनुरोध करेंगे।

यदि शेयर डीमैट मोड में हैं, तो कृपया **investorsjacpl@jubl.com** या **rta@alankit.com** पर डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकों की डीपीआईडी+सीएलआईडी या 16 अंकों की लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति) प्रदान करें। इसके अलावा, सदस्य अपने संबंधित डीपी से अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट करने का अनुरोध भी कर सकते हैं।

ई-वोटिंग: सदस्यों को एजीएम नोटिस में उल्लिखित सभी प्रस्तावों पर रिमोट ई-वोटिंग सुविधा (एजीएम से पहले) और ई-वोटिंग सुविधा (एजीएम में) के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट डालने की सुविधा प्रदान की जाएगी। रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग सुविधा की विस्तृत प्रक्रिया एजीएम नोटिस में दी जाएगी। एजीएम में ई-वोटिंग की सुविधा उन सदस्यों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित थे और जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है। जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे एजीएम में वोट देने के पात्र नहीं होंगे।

31 मार्च, 2025 तक, 2,040 शेयरधारकों के कुल 65,339 इक्विटी शेयर कंपनी के नाम पर खोले गए डीमैट सस्पेंस एस्क्रो खातों में जमा हैं। इन शेयरों पर वोटिंग अधिकार तब तक स्थगित रहेंगे जब तक कि इन शेयरों के असली मालिक इन पर दावा नहीं कर लेते। सदस्य कंपनी के डीमैट सस्पेंस एस्क्रो खातों से अपने शेयर जारी करवाने के लिए अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट से **rta@alankit.com** पर और कंपनी से **investorsjacpl@jubl.com** पर संपर्क कर सकते हैं।

सदस्य यह भी ध्यान दें कि सेबी के परिपत्र संख्या **SEBI/HO/MIRSD/MIRSDPoD/P/CIR/2025/97** दिनांक 2 जुलाई, 2025 के अनुसार, कंपनी के भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः दर्ज करने की सुविधा के लिए 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक छह महीने की अवधि के लिए एक विशेष विंडो खोलना आवश्यक है। हालाँकि, कंपनी के सभी शेयर डीमैट (अमूर्त) रूप में हैं, इसलिए उपरोक्त परिपत्र कंपनी पर लागू नहीं होता है।

जुबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
हरिओम पांडे
कंपनी सचिव

दिनांक: 01 अगस्त, 2025
स्थान: गुरुग्राम

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति
DPCC
LiFE Lifestyle for Environment
पर्यावरण विभाग, (रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार)
5वीं मंजिल, आईएसबीटी बिल्डिंग, कश्मीरी गेट, दिल्ली-06
हमारी वेबसाइट देखें: http://dpcc.delhigovt.nic.in

नं. डीपीसीसी/(3)(2)(46)/एडमिन-19/2066 दिनांक: 01.08.2025

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति में (i) प्रतिनियुक्ति द्वारा और (ii) प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा विभिन्न पदों की भर्ती के लिए रोलिंग विज्ञापन

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा निम्नलिखित पदों को (i) प्रतिनियुक्ति द्वारा और (ii) प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

(ए) प्रतिनियुक्ति द्वारा: केंद्र/राज्य सरकारों/स्वायत्त निकायों/सांविधिक निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत पात्र अधिकारियों/कर्मचारियों से आवेदन:

क्र. सं.	पद का नाम	पद का लेवल	पात्रता	पदों की संख्या (संभावित)
1	अतिरिक्त निदेशक (वैज्ञानिक)	लेवल-13	डीपीसीसी वेबसाइट पर उपलब्ध परिपत्र में पात्रता वर्णित।	1
2	वरिष्ठ वैज्ञानिक एल-I (वैज्ञानिक-सी)	लेवल-11		2
3	वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता	लेवल-12		1
4	पर्यावरण अभियंता	लेवल-11		17
5	प्रोग्रामर	लेवल-10		1
6	वैज्ञानिक सहायक	लेवल -6		1
7	वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक	लेवल-4		2
			कुल	25

(बी) प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा : केंद्र/राज्य सरकार/संघ शासित प्रदेश/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान/स्वायत्त निकायों/सांविधिक निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत पात्र अधिकारियों/कर्मचारियों से आवेदन:

क्र.सं.	पद का नाम	पद का लेवल	पात्रता	पदों की संख्या
1	सिस्टम एनालिस्ट	लेवल-11	डीपीसीसी वेबसाइट पर उपलब्ध परिपत्र में पात्रता वर्णित	1
			कुल	1

विस्तृत जानकारी डीपीसीसी की वेबसाइट www.dpcc.delhigovt.nic.in पर "**Office Order & Circulars**" शीर्षक के अंतर्गत देखी जा सकती है। वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में आवेदन (समुचित माध्यम से) **प्रशासनिक अधिकारी, डीपीसीसी, 5वीं मंजिल, आईएसबीटी बिल्डिंग, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006** के पास जमा किए जा सकते हैं।

यह एक रोलिंग विज्ञापन है और 15 अगस्त, 2025 तक प्राप्त सभी आवेदनों पर प्रथम चरण में विचार किया जाएगा, 31 अगस्त, 2025 तक प्राप्त आवेदनों पर द्वितीय चरण में विचार किया जाएगा तथा 15 सितम्बर, 2025 तक प्राप्त आवेदनों पर तृतीय चरण में विचार किया जाएगा।

भर्ती से संबंधित प्रासंगिक जानकारी समय-समय पर डीपीसीसी वेबसाइट पर सूचित की जाएगी।

हस्ता0/-
सदस्य सचिव
डीपीसीसी

हिन्दुस्तान क्लासीफाइड
For Enquiry Call
Moradabad: 8938805578
Rampur: 8941002041, 8707374431
Sambhal: 9837693543, 7534888882
Amroha: 9927322426, 8077330558

● ऋण/ आय

● ऋण/ आय

FUNDING FOR BUSINESS PEOPLE
5CR & ABOVE / NO UPFRONT CHARGES
CIBIL NOT REQUIRED
FLEXIBLE ROI WITH REPAYMENT OPTION
• LOAN AGAINST PROPERTY
• SECURED LOAN
• UNSECURED LOAN
• SME / CORPORATES
• NPA RELEASE
• NEW PROJECT FUNDING
48 HOURS EVALUATION
PANSY FINVEST ...SOLUTIONS FOR A BRIGHTER FUTURE...
9176944434
email: pansyfin@gmail.com
website: www.pansy.co.in

● चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रेणियां

● मेडिकल

सेक्स समस्याएँ
छोटेपन से निराश क्यों
मात्र 400/- 600/-
नई खोज

18 से 80 वर्ष तक के लिए लाभदायक
शीघ्रपतन, यौन समस्याएँ, स्वप्नदोष, नपुंसकता, घात आना, छोटापन, पतलापन, टेढ़ापन दूर कर क्षमता बढ़ायें।
लाभ नही तो पैसा वापिस
18 से 80 वर्ष तक के लिए लाभदायक
फोन कर डॉ0 से सलाह लें
गायत्री आयुर्वेदाश्रम
9572308520
9572308550

● नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम SAMINA AFROZ से बदलकर SAMEENA AFROZ रख लिया है।भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। SAMEENA AFROZ R/o. BARWALAN, MORADABAD

● नाम परिवर्तन

तबरेज आलम पुत्र मुख्तार जो DL में दर्ज हैं जो गलत है UP2120180000824। परवेज आलम पुत्र मुख्तार जो कि सही हैं निवासी असदपुर थाना मैनाठेर तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।

● खोया- पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0827186 प्रमाणपत्र सहअंक पत्र वास्तव में खो गया है। मधु पुत्री रवेन्द्र सिंह नि.गांव रघुनाथ पीपरी,तहसील बिल्सी जिला बदायूं।

● ब्रेक आउट

मैनें अपने पुत्र विश्वनाथ कथूरिया को गलत संगत में पड़ जाने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके कृत्यों का वह स्वंय जिम्मेदार होगा। कशमीरी लाल पुत्र रामरंग नि.मौ. कोटपुर्वी तह.व जिला संभल।